पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

———————

राज्यपाल ने राष्ट्रीय वानस्पतिक अनुसंधान संस्थान, लखनऊ का भ्रमण किया

————

लखनऊः 17 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राष्ट्रीय वानस्पतिक अनुसंधान संस्थान, लखनऊ का भ्रमण कर वहां हो रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों का अवलोकन किया तथा फर्न हाउस, मॉस हाउस, कैक्टस हाउस, बोन्साई हाउस, जन उद्भवन केन्द्र, जुरासिक गैलरी तथा साइकेड गृह का भ्रमण कर वहां किये जा रहे अनुसंधान कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा पौधे को बोन्साई बनाने की प्रक्रिया को भी देखा तथा राजभवन में बोन्साई पौधा बनाने का प्रशिक्षण देने की अपील की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय वानस्पतिक अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने बताया कि साइकेड्स को जीवित जीवाश्म माना जाता है, जिनका अपना प्राचीन वंश है तथा विकास की दृष्टि से इनकी एक विशिष्ट पहचान है। पुरा वनस्पति विज्ञान से जुड़ी खुदाइयों से प्राप्त साइकेडों के जीवश्म वर्तमान समय में पाये जाने वाले साइकेडों के समान ही हैं। उन्होंने बताया कि यह साइकेड परमियन काल से लगभग 225 मिलियन वर्ष पूर्व में भी पाये जाते थे।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (174/28)
सम्पर्क सूत्र 9453005360